**हिन्दी विभाग**
**जामिया मिल्लिया इस्लामिया,**
**नई दिल्ली–110025**

**बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की सभा दिनांक 17 दिसम्बर 2015 का कार्यवृत्त**

सभा अपराह्न 3.10 बजे प्रारम्भ हुई। सभा में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :

1. प्रो. हेमलता महिश्वर (अध्यक्ष)
2. डा. दिविक रमेश (बाह्य सदस्य)
3. प्रो. उबैद सिद्दीकी (आंतरिक सदस्य)
4. प्रो. शहज़ाद अंजुम (आंतरिक सदस्य)
5. प्रो. महेन्द्रपाल शर्मा
6. प्रो. दुर्गा प्रसाद गुप्त
7. डॉ. कृष्ण कुमार कौशिक
8. डॉ. अनिल कुमार
9. डॉ. इन्दु वीरेन्द्रा
10. डॉ. चन्द्रदेव सिंह यादव
11. डॉ. नीरज कुमार
12. डॉ. कहकशां एहसान साद
13. डॉ. विवेक दुबे
14. डॉ. दिलीप कुमार शाक्य
15. डॉ. अब्दुर्रहमान मुसव्विर
16. डॉ. मुकेश कुमार मिरोठा
17. डॉ. अजय कुमार नावरिया
18. श्री सुरेश कुमार वर्मा

*प्रो. मुहम्मद असदुद्दीन (डीन, मानविकी एवं भाषा संकाय) और प्रो. गंगा प्रसाद विमल (बाह्य सदस्य) सभा में उपस्थित नहीं थे।

1. **पिछली सभा के कार्यवृत्त की पुष्टि**

बोर्ड ऑफ स्टडीज की सभा दिनांक 9.11.2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।
अध्यक्ष ने सभा को सूचित किया कि विभागीय रिकार्ड में मीडिया लैब का अनुमानित बजट उपलब्ध है। इसे नियमानुसार स्वीकृत कराये जाने की आवश्यकता है।

2. **पी–एच.डी शोधर्थियों का समय विस्तार**

(क) निम्नलिखित शोधार्थियों को नियमानुसार 1 वर्ष का समय विस्तार दिया गया–

1. अंजु रानी –शोध निर्देशक डॉ. चंद्रदेव यादव
2. गायत्री – शोध निर्देशक डॉ. कृष्ण कुमार कौशिक
3. मीनाक्षी – शोध निर्देशक प्रो. हेमलता महिश्वर

(ख) अध्यक्ष ने प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह द्वारा संस्तुत एवं अग्रसारित शोध छात्र पंकज शर्मा के समय विस्तार हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15.12.15 को सभा पटल पर रखा और सभा को सूचित किया कि शोध निर्देशक परिवर्तन की सूचना उक्त शोध छात्र को विभाग द्वारा मौखिक रूप से दी गई और वह प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह के निर्देशन में अपना शोध–प्रबंध जमा करने का इच्छुक है।

**चर्चा के उपरांत तय किया गया कि इस मुद्दे पर डॉ. नीरज कुमार की संस्तुति के उपरांत नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।**

Page No.
Date :

3. **एम.ए पाठ्यक्रम का प्रस्ताव**

अध्यक्ष ने एम.ए. के नए पाठ्यक्रम का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि कुलपति ने इस संबंध में यह सुझाव दिया है कि तीन नए एम.ए. आरंभ करने के स्थान पर एक एम.ए. पाठ्यक्रम तीन विशेषज्ञता के आधार पर क्रमशः आदिकालीन हिन्दी, भक्तिकालीन हिन्दी और रीतिकालीन हिन्दी पर केन्द्रित किया जाए। विभागीय सभा में इस पाठ्यक्रम निर्माण पर हुई चर्चा के दौरान कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया गया था जिसे स्वीकारते हुए दिनांक 28 दिसम्बर 2015 की आयोजित किया जाना है।

**सभा ने उक्त पाठ्यक्रम की सिद्धांततः स्वीकार किया। औपचारिकता का निर्वाह करने के उपरांत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।**

4. **अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन**

उक्त प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष ने सभा को सूचित किया कि डॉ. अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर **'दलित साहित्य, चेतना और विश्वबंधुत्व'** विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

**सभा ने यह निर्णय लिया कि अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन हेतु विधिवत् एक समिति का गठन किया जाएगा और विषय पर पुनः विचार करके उसे अंतिम रूप दिया जाएगा।**

5. **सी.बी.सी.एस के संदर्भ में पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार**

उक्त पाठ्यक्रम का निर्धारण करते हुए निम्नलिखित पत्र स्वीकृत किये गये –

1. बी.ए (मास मीडिया) सेमेस्टर–II हिंदी सिनेमा
2. बी.ए (हिंदी) सेमेस्टर–II हिंदी कहानी
3. एम.ए (हिंदी) सेमेस्टर–II आधुनिक कविता

पाठ्यक्रम समिति उपर्युक्त पत्रों को अंतिम रूप देगी।

6. **पी–एच.डी. सत्र 2015–16 के शोध विषय एवं शोध निर्देशक में संशोधन**

**सत्र 2015 में पी–एच.डी. में पंजीकृत शोधार्थियों के परिवर्तित/ संशोधित शोध–विषय/शोध प्रारूप को दिनांक 29.02.2016 तक अनिवार्यतः विभाग में जमा कराना होगा जिस पर निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।**

7. **एम.फिल. शोध विषय एवं शोध निर्देशक में संशोधन**

**सत्र 2015–16 के एम.फिल. के छात्र अवनीश कुमार सिंह (शोध निर्देशक–प्रो. दुर्गा प्रसाद गुप्त) का शोध विषय ''मुअनजोदड़ोः एक सांस्कृतिक अध्ययन'' स्वीकृत किया गया।**

शोध निर्देशक परिवर्तन का कोई भी मामला अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

8. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय**

1. पी–एच.डी शोध छात्र **अब्दुल हासिम** (शोध निर्देशक–प्रो. हेमलता महिश्वर) का शोध विषय संशोधित करते हुए **''हिंदी दलित आत्मकथाओं में प्रतिरोध का स्वर''** स्वीकृत किया गया।
2. डॉ. अनिल कुमार ने ''विभाग में उपाधि प्राप्त शोध–प्रबंध में की गई घोर अनियमितता संबंधी एक मामला'' उठाया।

**श्रीमती रेखा सिंह (शोध निर्देशक–प्रो. महेन्द्रपाल शर्मा) के शोध प्रबंध के आलोक में अध्यक्ष ने समस्त संकाय सदस्यों से अपेक्षा की कि वे शोध निर्देशन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। डॉ. अनिल कुमार ने बार–बार सभा का ध्यान आकृष्ट कराया कि उक्त मामले में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।**

3. डॉ. अनिल कुमार ने विभाग की अन्य अकादमिक अनियमितताओं पर विचार करने हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की विशेष सभा बुलाने की मांग की। **यह तय किया गया कि डॉ. अनिल कुमार अध्यक्ष को तत्संबंधी एक पत्र लिखेगें और अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वे उस पर उचित निर्णय लें।**

अंत में अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ अपराह्न 4.30 बजे सभा समाप्त हुई।

19/01/16

**(प्रो. हेमलता महिश्वर)**
अध्यक्ष

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया
2. कुलसचिव, जामिया मिल्लिया इस्लामिया
3. डीन, मानविकी एवं भाषा संकाय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया
4. वित्त अधिकारी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया
5. सहा. कुलसचिव, (ए.एण्ड.सी.), जामिया मिल्लिया इस्लामिया
6. समस्त सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज